# माता कृपा करो

मेरा सुखी रहे परिवार, "माता कृपा करो ,
मेरा इन्ही से है संसार, "माता कृपा करो,
मेरा सुखी रहे परिवार, "माता कृपा करो,

मैने तुमको, पूजा है माँ, शाम सवेरे ,
सारे संकट, दूर करो माँ, तुम अब मेरे ,
मेरा खिला, रहे घर द्वार, "माता कृपा करो ,
मेरा सुखी रहे परिवार, "माता कृपा करो,

तेरे भरोसे, तेरे हवाले, जीवन सारा ,
तुम पर, सदा ही बना रहे, विश्वास हमारा ,
हो प्रेम, जिसका आधार, "माता कृपा करो,
मेरा सुखी रहे परिवार, "माता कृपा करो,

सूने मन के, आंगन को, तुम ने महकाया ,
किया रोशन, परिवार, ख़ुशी का दीप जगाया ,
रहे जुड़े, दिलों के तार, "माता कृपा करो,
मेरा सुखी रहे परिवार, "माता कृपा करो ,

अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/18904/title/mata-kirpa-karo

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |